**विधान परिषद के प्रथम सत्र-2023 के द्वितीय शुक्रवार हेतु निर्धारित डा0 मान सिंह यादव, मा0 सदस्य विधान परिषद द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या-01 का उत्तर।**

| प्रश्न | उत्तर |
| --- | --- |
| 1. (क) क्या माध्यमिक शिक्षा मंत्री बतायेंगे कि प्रयागराज तथा झांसी मण्डल में माध्यमिक शिक्षकों के कितने पद रिक्त हैं? | प्रयागराज मण्डल के अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में 2103 शिक्षकों एवं राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में 1121 शिक्षकों तथा झाँसी मण्डल के अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में 1035 शिक्षकों एवं राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में 597 शिक्षकों के पद रिक्त हैं। |
| (ख) उक्त रिक्त पदों को शीघ्र भरे जाने हेतु सरकार के पास कोई कार्ययोजना है? | माध्यमिक शिक्षा निदेशालय के विभिन्न पत्रों के माध्यम से राजकीय माध्यमिक विद्यालयों के रिक्त पदों का अधियाचन मा0 लोक सेवा आयोग उ0प्र0 को प्रेषित किया गया है। अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में सीधी भर्ती के अन्तर्गत रिक्त पदों का ऑनलाइन अधियाचन सम्बन्धित संस्था/जिला विद्यालय निरीक्षक के माध्यम से उ0प्र0 माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड, प्रयागराज को प्रेषित किया गया है। रिक्त पदों पर लोक सेवा आयोग एवं उ0प्र0 माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड से चयनित अभ्यर्थी प्राप्त होने के उपरान्त नियुक्ति की कार्यवाही की जायेगी। विद्यालयों में रिक्त पदों पर चयन की कार्यवाही एक सतत् प्रक्रिया है।<br><br>उपरोक्तानुसार |
| (ग) यदि हॉ, तो उक्त का सम्पूर्ण विवरण सदन की मेज पर रखेंगे?<br>(घ) यदि नहीं, तो क्यों? | प्रश्न नहीं उठता। |

गुलाब देवी
राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)।